**01/11/2025**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज छत्तीसगढ में विधानसभा के नए भवन का उद्घाटन किया और इसके परिसर में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज समग्र राष्ट्र विकास के साथ-साथ अपने विरासत के संरक्षण में लगा है। इस अवसर पर उन्होंने चौदह हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलानियास किया।

0000000000000000000000

आज राजभवन ईटानगर में आठ राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, चंडीगढ़, दिल्ली, लक्षद्वीप और पुडुचेरी का राज्य स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए, अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने अरुणाचल प्रदेश के विकास में इन क्षेत्रों के लोगों के योगदान की सराहना की।

कार्यक्रम में ईटानगर के बी सेक्टर स्थित गवर्मेंट प्राइमरी स्कूल के छात्र राज्यपाल के खास मेहमान के तौर पर शामिल हुए। यह राज्यपाल की एक पहल थी ताकि सरकारी स्कूल के छात्रों को दूसरे राज्यों के संस्कृतियों को जानने का मौका दिया जा सके।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (APCC) के अध्यक्ष बोसीराम सिराम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज राजभवन ईटानगर में राज्यपाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने आने वाले पंचायत चुनावों को देखते हुए तिराप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों में सुरक्षा स्थिति पर अपनी चिंता व्यक्त की। राज्यपाल ने उन्हें आश्वासन दिया कि चुनावों के दौरान बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी ज़रूरी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से होने चाहिए, जो लोकतंत्र की सच्ची भावना को दर्शाते हों।

0000000000000000000000

आज वेस्ट कामेंग ज़िले में, कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करत हुए, मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने ज़िले में कनेक्टिविटी बढ़ाने, सारवजनिक सुविधाओं को मज़बूत करने और समुदाय की भलाई के उद्देश्य से कई ज़रूरी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की नींव रखी। उन्होंने भालुकपोंग और सिंगचुंग में नए बने पुलिस स्टेशनों और RWD के RIDF प्रोजेक्ट के तहत बने गवर्मेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के नए

एकेडमिक ब्लॉक का भी उद्घाटन किया, और सिंगचुंग में प्रस्तावित ग्रोंग बुद्ध पार्क के भूमि पूजन में भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश पुलिस की एक खास पहल 'चू-मन-तार' का भी शुभारंभ किया, जो बच्चों को खेल-खेल में सेफ टच, सहानुभूति और आत्मविश्वास के बारे में सिखाती है।

0000000000000000000000

सियांग अपर मल्टीपर्पस प्रोजेक्ट (SUMP) के फ़ायदों और असर पर चर्चा के लिए कल अपर सियांग ज़िले के कोमकार में उपायुक्त तालो जेरांङ की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कोमकार के समुदाय और ज़िले के मुख्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया। SUMP के महत्व पर ज़ोर देते हुए, श्री जेरांङ ने कहा कि यह प्रोजेक्ट इलाके में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, रोज़गार पैदा करने और लंबे समय तक सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की क्षमता रखता है। बैठक में उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि प्रशासन एक पारदर्शी सलाह-मशविरे की प्रक्रिया के ज़रिए यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि स्थानीय लोगों की आवाज़ो पर ध्यान कैंद्रीत करते हुए समुदाय की चिंताओं को दूर किया जाएगा।

0000000000000000000000

गुवाहाटी में आयोजित रिन्यूएबल एनर्जी पर रीजनल वर्कशॉप के दौरान भारत सरकार के न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी मिनिस्ट्री द्वारा PM KUSUM पहल के तहत अरुणाचल प्रदेश को कल टॉप परफॉर्मिंग नॉर्थ

ईस्टर्न स्टेट के रूप में पहचान मिली है। सोशल मीडिया पोस्ट में इस खबर को साझा करते हुए उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कहा कि यह पूरे राज्य में सस्टेनेबिलिटी और रिन्यूएबल एनर्जी को आगे बढ़ाने के हमारे सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

0000000000000000000000

नाहरलागुन पुलिस द्वारा दो आदतन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके खिलाफ़ ईटानगर कैपिटल रीजन के अलग-अलग थानों में चोरी के आरोप में मामला दर्ज थी। गत 29 अक्टूबर को, टेक्निकल और फिजिकल निगरानी और इंटेलिजेंस के आधार पर, नाहरलागुन पुलिस स्टेशन के कांस्टेबल सानू राज टी. ने आरोपियों अकेले ही गिरफ़्तार किया।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश मास्टर्स टेबल टेनिस एसोसिएशन द्वारा नॉर्थ ईस्ट मास्टर्स टेबल टेनिस फोरम की देखरेख में गत 29 से 31 अक्टूबर 2025 तक आयोजित चौथी नॉर्थ ईस्ट मास्टर्स टेबल टेनिस चैंपियनशिप कल पासीघाट में संपन्न हुआ। तीन दिवसीय चैंपियनशिप का आयोजन पहली बार अरुणाचल प्रदेश में किया गया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 19 जिलों वेस्ट कामेंग, पाके केसांग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, कामले, सियांग, अपर सियांग, लोअर सियांग, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, लेपा रादा, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, आंजाव, लोहित, नामसाई, चांगलांग, तिराप और लोंगदिंग के लिए अगले 24 घंटों में ग़रज के बिजली गिरने और तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000